# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, तरुणमित्र न्यूज़, आज, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 09.09.2025


# 9.50 करोड़ रुपये से बने 62 स्कल्पचर, दो टूटकर झुकने लगे

## फुलवरिया में देश प्रेम के स्कल्पचर की फर्श उखड़ रही, रामनगर में लस्सीवाले स्कल्पचर के पैर में दरार, एक तरफ झुका

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए लगाए जा रहे स्कल्पचर दरार के साथ झुकने लगे हैं। रामनगर में लस्सीवाला और फुलवरिया में देशप्रेम के स्कल्पचर को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यह कार्य संस्कृति विभाग, वीडीए, बरेका मिलकर करा रहे हैं। 9.5 करोड़ रुपये की लागत से 62 स्थानों पर स्कल्पचर लगाए जा रहे हैं।

फुलवरिया में देशप्रेम का स्कल्पचर जिस पत्थर पर रखा गया है, वहां की फर्श उखड़ रही है। उसमें दरारें आ गई हैं। स्कल्पचर का एक हाथ धीरे-धीरे झुक रहा है जबकि दूसरे हाथ की हथेली नहीं है। इसके आसपास काफी गंदगी है। जिसकी साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रामनगर में लस्सीवाला स्कल्पचर के पैर में दरार होने के कारण एक ओर झुक रहा है। इन स्कल्पचर के बारे में पूरी जानकारी बोर्ड पर लिखी है। जिस पर रेलवे और वीडीए का लोगो लगा हुआ है। वीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि स्कल्पचर का काम पूरा नहीं हुआ है। यह अभी अंडर कंस्ट्रक्शन है। इंस्टालेशन का काम चल रहा है। ज्यादातर बनारस के कार्यशाला में और कुछ बाहर से स्कल्पचर मंगाए जा रहे हैं। काम पूरा होने के बाद सब ठीक हो जाएगा। स्कल्चर से न केवल काशी की सुंदरता निखरेगी बल्कि शहर के सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को भी उजागर करेगी। इन स्कल्पचर के माध्यम से कबाड़ को कला का रूप देकर पुनः उपयोग में लाने की प्रेरणा मिलेगी। इसके तहत 62 स्कल्पचर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इनमें से 35 लगाए जा चुके हैं। बाकी बचे 27 स्कल्पचर जल्द लगाए जाएंगे। इसकी मंशा है कि शहर के सड़कों, चौराहों, प्रमुख स्थानों पर इन स्कल्पचर के जरिये स्थानीय पहचान को कलात्मक स्वरूप दिया जाए। ये कलाकृतियां स्क्रैप से तैयार की गई हैं।



रामनगर में शास्त्री चौराहे पर लगा लस्सीवाले का स्कल्पचर। संवाद

स्कल्पचर क्षतिग्रस्त। संवाद

### ऐतिहासिक, आध्यात्मिक महत्व दर्शाएंगे

इन स्कल्पचर में महिला सशक्तीकरण, योग, खेल, मिलेट्स, हस्तशिल्प, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों को समाहित किया गया है। हर स्कल्पचर अपने स्थान विशेष के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक महत्व को दर्शाती है, जिससे पर्यटक उस क्षेत्र की विशेषता को बिना किसी गाइड के भी समझ सकते हैं।

### अमर उजाला–दि0 09.09.2025

# वीडीए 6 पुलिस बूथ की मरम्मत कराएगा

वाराणसी। वीडीए की अवस्थापना निधि से 6 पुलिस बूथों की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है। रिपेयर के साथ पेंटिंग भी की जाएगी। भोजूबीर तिराहा, एयरपोर्ट, करियप्पा मार्ग के पुलिस बूथों का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा पुलिस लाइन चौराहा, मिंट हाउस तिराहा, रविदास गेट के पास पुलिस बूथ स्थापित किए जाएंगे। इन पुलिस बूथों की रंगाई और चित्रकारी बनारस की थीम पर की जा रही है। बूथ न केवल सुदृढ़ और उपयोगी बनेंगे, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विरासत की पहचान को भी प्रदर्शित करेंगे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 09.09.2025

### वीडीए ने तोड़ी अवैध प्लाटिंग

वाराणसी : वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि सारनाथ वार्ड के रिंगरोड पर शंकरपुर में चार बीघा में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग हो रही थी।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 09.09.2025

### संगीत पथ का बढ़ेगा सफर, अगला पड़ाव गिलट बाजार चौराहे से काल भैरव तक

**वीडीए काशी की संस्कृति को दर्शाने के लिए संगीत पथ का करेगा निर्माण**

varanasi@inext.co.in

VARANASI (8 Sep): शहर की कॉलोनियों और पार्कों को निखारने के बाद वीडीए अब शहर के चौराहों और तिराहों के साथ पाथवे को भी एक अलग थीम पर सजाने का कार्य कर रहा है. फुलवरियां में शानदार संगीत पाथवे बनाने के बाद अब अगला पड़ाव गिलट बाजार चौराहे से पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट, लहुराबीर होते हुए काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाने के लिए वीडीए ने पहल शुरू कर दी है. फुलवरिया पर बने संगीत पाथवे की सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी तारीफ की थी.

PICS: DAINIK JAGRAN INEXT



जेल रोड पर बनकर तैयार संगीत पथ.

**एक किलोमीटर में संगीत पथ**

लोकल टूरिस्टों को आकर्षित करने के लिए वीडीए ने पहले चरण में फुलवरिया फोरलेन के सेंट्रल जेल रोड को चिह्नित करने के साथ करीब एक किलोमीटर में संगीत पथ बनाया गया. अब इसे सेंट्रल जेल तिराहे से वरुणा नदी तक, जेएचवी मॉल से करियप्पा मार्ग तक संगीत पथ बनाने का काम किया जा रहा है.

**काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाने का निर्देश**

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया, गिलट बाजार चौराहे से पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट, लहुराबीर होते हुए काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाने का निर्देश दिया है. वीडीए इस मार्ग का सर्वे करने के साथ स्थान चिह्नित करने में जुट गया है. उन्हीं स्थानों पर सड़क किनारे पटरी पर संगीत पथ बनाया जाएगा, जहां जमीन पर्याप्त है.

**सीएम ने की थी सराहना**

इस मार्ग पर काफी संख्या में वीआइपी पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर, काल भैरव मंदिर, गंगा आरती, गंगा घाट और नौका विहार करने आते हैं. संगीत पथ देखकर सीएम योगी आदित्यनाथ काफी प्रभावित हुए थे. वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग मुख्यमंत्री को योजना के बारे में बता रहे थे, तभी उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों और चौराहों पर काशी की परंपरा दिखाई दे, ऐसे संगीत पथ बनाया जाए.

**8** किलोमीटर में गिलट बाजार से काल भैरव मंदिर तक बनेगा भव्य 'संगीत पथ'

**यहां बनेंगे संगीत पथ**

गिलट बाजार चौराहे का सुंदरीकरण कराने के साथ तहसील सदर, पुलिस लाइन चौराहा, जिला जेल से हुकुलगंज तिराहा, तेलियाबाग चौराहे से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय गेट तक, मंडलीय अस्पताल कबीर चौरा के दोनों गेट के बीच, मैदागिन चौराहा, विशेश्वरगंज डाक घर तक संगीत पथ बनाया जाएगा.





गिलट बाजार चौराहे से काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाया जाएगा. सर्वे करने के साथ स्थान चिह्नित कर प्रस्ताव बनाया जा रहा है. इसके बाद अन्य मार्गों को लिया जाएगा. फुलवरिया में बने संगीत पाथवे पर लोकल लोगों के लिए घूमने का पसंदीदा जगह बन गया है.

पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

Scan करें QR code और देखें संगीत पाथवे का वीडियो.

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 09.09.2025

### शहर की सुरक्षा व्यवस्था होगी और सुदृढ़, पुलिस बूथों का हो रहा कायाकल्प

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से कुल 6 पुलिस बूथों के रेनोवेशन का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें रिपेयर एवं पेंटिंग का कार्य सम्मिलित है। वर्तमान में भोजुबीर तिराहा, एयरपोर्ट एवं करियप्पा मार्ग स्थित पुलिस बूथों का कार्य प्रगति पर है।पुलिस लाइन चौराहा, मिनट हाउस तिराहा तथा रविदास गेट के पास स्थित पुलिस बूथों का कार्य शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा।इन पुलिस बूथों की रंगाई एवं चित्रकारी बनारस की थीम पर की जा रही है, जिससे बूथ न केवल सुदृढ़ और उपयोगी बनेंगे, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विरासत की पहचान को भी प्रदर्शित करेंगे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 09.09.2025

### विप्रा करेगी छह पुलिस बूथोंका कायापलट

विकास प्राधिकरणने अवस्थापना निधिसे शहरकी पुलिस बूथोंका कायापलट भी करेगी। इसके लिए आधा दर्जन बूथोंपर रेनोवेशन कार्य प्रस्तावित है जिसमें रिपेयर और पेंटिंग सम्मिलित है। आधा दर्जन बूथोंने भोजूबीर चौराहा, एयरपोर्ट एवं करियप्पा मार्ग, पुलिस लाइन चौराहा, मिंटहाउस और रविदास गेटपर शीघ्र कार्य कराया जायेगा। इन पुलिस बूथोंपर वाराणसीके थीमपर चित्रकला बनायी जायेगी, जिसमें सांस्कृतिक विरासतकी झलक दिखेगी।

## जनवार्ता–दि0 09.09.2025

### सारनाथ: 4 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला वीडीए का बुलडोजर



**वाराणसी (जनवार्ता)।** वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन-2 क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कड़ा कदम उठाया गया जिसमें वार्ड-सारनाथ अंतर्गत मौजा शंकरपुर, रिंग रोड पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 4 बीघा भूमि में की गई अनधिकृत प्लाटिंग को सोमवार को ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर अवैध निर्माण को पूरी तरह तोड़ते हुए भूमि को मुक्त कराया। इस दौरान जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियंता विनोद कुमार, प्रवर्तन दल, समस्त सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध माना जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र अवश्य स्वीकृत कराएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।